सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 195 | इंदौर, गुरुवार 30 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



**महात्मा गांधी पुण्यतिथि दिवस भावपुष्प समर्पयामि**

30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा दिल्ली के बिड़ला हाउस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। उनकी पुण्यतिथि के चलते 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारत के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री एवं अन्य लोग गांधी जी के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनको याद करते हैं।

## नशे में CRPF कॉन्स्टेबल ने पहले पत्नी को मारी गोली और फिर खुद को, दोनों की मौत

**भोपाल**. मध्यप्रदेश के भोपाल में एक CRPF कॉन्स्टेबल ने पहले पत्नी को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और फिर खुद भी आत्महत्या कर ली. पति-पत्नी दोनों की मौके पर मौत हो गई.

मामला भोपाल के मिसरोद थाना इलाके में मिसरोद क्षेत्र के बंगरसिया में स्थित सीआरपीएफ कैंप का है. यहां सीआरपीएफ आरक्षक रविकांत ने पत्नी की हत्या को अंजाम देकर खुद भी जान दे दी. जांच में मालूम हुआ कि हत्या के समय रविकांत शराब के नशे की हालत में था.

शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया गया है. फिलहाल इस हत्या और आत्महत्या के पीछे के कारण का पता नहीं चल सका है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. रविकांत वर्मा और पत्नी रेनू वर्मा के 2 बच्चे हैं. जिनमें 6 साल का बेटा और ढाई साल की बेटी है.

बता दें कि बीते दिनों मध्यप्रदेश के ही इंदौर से इसी तरह की खबर सामने आई थी. यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फिर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने घटना का कारण पति-पत्नी के बीच विवाद को बताया है.

# इतने समय तक के गर्भपात के लिए अदालत की अनुमति जरूरी नहीं

## एमपी हाईकोर्ट के फैसले से पीड़िताओं को राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**भोपाल। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि 'दुर्व्यवहार' पीड़िताओं के लिए 24 हफ्ते तक के गर्भपात (एमपीटीपी) के लिए अदालत की अनुमति जरूरी नहीं है। यह फैसला एक दुष्कर्म पीड़िता के मामले में आया, जिसका गर्भ 6-7 हफ्ते का था। न्यायालय ने एमपीटीपी के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए।**

अगर गर्भकाल 20 हफ्ते या उससे कम है तो एक रजिस्टर्ड डॉक्टर एमपीटीपी कर सकता है। 20 से 24 हफ्ते के बीच के गर्भकाल के लिए दो रजिस्टर्ड डॉक्टरों की जरूरत होगी। 24 हफ्ते से ज़्यादा के गर्भपात के मामलों में ही उच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र आता है, जो कानूनी तौर पर प्रतिबंधित है।

### मामले पर जज का कहना

न्यायमूर्ति विशाल धगत की पीठ ने यह दिशानिर्देश दिए। यह मामला एक दुर्व्यवहार पीड़िता का था, जिसका गर्भ 6-7 हफ्ते का था। अदालत ने कहा कि संबंधित थाने का एसएचओ पीड़िता की गर्भावस्था की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उसे ज़िला अदालत भेजेगा। जज ने कहा कि गर्भपात के लिए किसी भी



अर्जी के बावजूद, ज़िला अदालत का जज पीड़िता को मेडिकल अधिकारी/बोर्ड के पास भेजेगा ताकि वे जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट जमा कर सकें। यह रिपोर्ट इस बारे में होगी कि पीड़िता का गर्भपात किया जा सकता है या नहीं।

### उच्च न्यायालय का आदेश

उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि जिला अदालत मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़िता और उसके माता-पिता को सूचित करेगी। साथ ही सीधे नजदीकी हाईकोर्ट रजिस्ट्री को रिपोर्ट करेगी। रजिस्ट्री इसे संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत एक रिट याचिका के रूप में दर्ज करेगी। और मामले को तुरंत सूचीबद्ध करेगी ताकि गर्भपात के संबंध में बिना देरी के आदेश पारित किए जा सकें। उच्च न्यायालय के आदेश में यही लिखा है।

### पीड़िताओं को तुरंत मदद

इस मामले में अदालत ने देखा कि भ्रूण 6-7 हफ्ते का है। इसलिए एमटीपी मेडिकल कॉलेज में किया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आदेश की एक प्रति महाधिवक्ता के कार्यालय, महानिबंधक और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के प्रमुख सचिव को अनुपालन के लिए भेजी जानी चाहिए। इस फैसले से दुर्व्यवहार पीड़िताओं को तुरंत मदद मिल सकेगी।

**जापान में फ्रेंड्स ऑफ एमपी से संवाद: सीएम बोले-**

# दूध में शक्कर की तरह हर जगह एडजेस्ट होने की कला है भारतीयों में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतवंशी अपनी परिवार परंपरा से जहां काम करते हैं वहां निष्ठा का भाव रखते हैं। यही कारण है कि वे हर जगह एडजेस्ट हो जाते हैं। एडजेस्ट भी ऐसे जैसे दूध में शक्कर मिल जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चार दिवसीय जापान यात्रा के दूसरे दिन जापान में भारतवंशियों 'फ्रेन्ड्स ऑफ एम.पी.' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन, ऑटो मोबाइल, टायर मेन्यूफैक्चरिंग एवं रेडिमेड गारमेंट के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर जापान में भारत के राजदूत सी.व्ही. जार्ज, एसीएस मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

**एक होते हैं सगे, एक होते हैं संबंधी-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि




हम भारतवंशी ही सगे संबंधियों को समझ सकते हैं। विदेश प्रवास के दौरान भी आप लोगों को सामने देखकर ऐसा लगता है जैसे हम सगे-संबंधियों के बीच आ गए हैं। हमारे देश में कोई भी उत्सव या समारोह तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक उस समारोह में सगे- संबंधियों की उपस्थित न हो। मैं आपको म.प्र. में फरवरी में होने जा रहे औद्योगिक निवेश के भव्य समारोह जीआईएस के लिये आमंत्रित करने आया हूँ। विदेश में अनजान चेहरों के बीच जब हमवतन दिखाई देते हैं तो भारतीयता की विशेष अनुभूति होती है।

**प्राणियों में सद्भाव और विश्व का कल्याण हमारी संस्कृति-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम 'धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भाव हो और विश्व का कल्याण हो' की भावना को सर्वोपरि रखकर काम करते हैं और यही वजह है कि हिन्दुस्तानी आपको हर देश में हर काम को निष्ठा के साथ करता हुआ मिल जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने इकबाल के शेर का जिक्र भी किया कि 'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी'... हम हर कठिनाई, हर चुनौती को मात देकर आगे बढ़ पाते हैं, यह हमारी विशेषता है।

**हम आगे बढ़ना चाहते हैं-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति रही है कि कभी हमने आक्रमण नहीं किया, कभी किसी की भूमि पर कब्जा नहीं किया। हम आगे बढ़ना चाहते हैं। हमें विश्व गुरू के मार्ग पर आगे चलना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयामों को छुआ है। मैं कह सकता हूँ कि नेता तो पहले भी आते जाते रहे होंगे परंतु लोगों के मन में प्रधानमंत्री श्री मोदी के आगमन और विदेशी मंच पर उनके सम्मान को देखते हुए जिस विश्वास और दृढ़ता का भाव पैदा होता है, उस भाव से मन में गर्व की अनुभूति होती है।

**मोदी जी के नेतृत्व में बढ़ा देश का आत्म-विश्वास-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में बसे भारतवंशियों और फ्रेंड्स ऑफ एमपी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। उन्होंने कोविड काल की चुनौतियों से पार पाने की सफलता का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व क्षमता की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व से विश्व स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है और हमारी उपस्थिति सम्मानजनक बनी है, साथ ही भारतवंशियों का आत्म-विश्वास भी बढ़ गया है।

# रेलवे पटरियों की हो रही सोनोग्राफी

## एक घंटे में 20 किलोमीटर पटरियों की जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। रेल विभाग ने दिल्ली से मुंबई के रेलवे ट्रेक पर पटरियों की जांच शुरू की है। 70 हजार किलोमीटर लंबाई की पटरियों की ताकत के लिए उनकी सोनोग्राफी की जा रही है। पटरियों पर चलने वाली मशीन से हो रहे अल्ट्रासाउंड टेस्ट से ट्रेक पर जंग की स्थिति, उनकी वेल्डिंग की गुणवत्ता व उनके कमजर हिस्सों का पता लगाया जा रहा है।



इस टेस्ट में एक अल्ट्रासोनिक मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इंदौर के मुख्य रेलवे स्टेशन के एक नंबर और तीन नंबर प्लेटफार्म पर मशीन से पटरियां जांची की जा रही है। जब ट्रेक पर ट्रेन का आवागमन नहीं होता है, तब चार से पांच कर्मचारियों का दल यह काम करता है। ट्रेक की जांच कर रहे अफसरों ने बताया कि ट्रेन हादसे लोको पायलट की गलती, ट्रेक में टूट-फूट या ट्रेन के भारी वस्तु से टकराने से होती है। देश में कई रुटों पर बरसों पुरानी पटरियां है। उन पर आए क्रेक से हादसे न हो, इसलिए पटरियों की जांच होती है। पटरियों की जांच के लिए इंट्रीग्रेटेड ट्रेक मॉनिटरिंग और ट्रेक रिकार्डिंग कार तकनीक का भी इस्तेमाल होता है, लेकिन अल्ट्रा साउंड टेस्ट वाली यह स्वदेशी तकनीक ज्यादा आधुनिक है। आठ से दस लाख रुपये लागत की यह मशीन आसानी से एक दिन में 50 से 80 किलोमीटर ट्रेक की जांच आसानी से हो जाती है। मशीन को पटरियों पर रखकर चलाया जाता है। जिस हिस्से में भी ट्रेक की कमजोरी का पता चलता है। वहां से निकटवर्ती रेलवे स्टेशन की दूरी पताकर और निशान लगाकर जांच के लिए टीम आगे बढ़ जाती है।

# इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए हर दिन तीन हजार चालान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)a

**इंदौर। इंदौर में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की कमी नहीं है। बिना हेलमेट गाड़ी चलाना, तीन सवारी बैठाना, रॉन्ग साइड ड्राइविंग और रेड लाइट तोड़ने जैसे मामलों पर ट्रैफिक पुलिस नजर रख रही है। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) के जरिए हर दिन करीब तीन हजार चालान बनाए जा रहे हैं। चालान का नोटिस भेजने के साथ ट्रैफिक पुलिस लोगों को फोन कर नियमों के प्रति जागरूक कर रही है, ताकि वे आगे से नियमों का पालन करें।**



बिना हेलमेट गाड़ी चलाने पर 300 रुपए का चालान बनता है। इसे ट्रैफिक थाने या ट्रैफिक पुलिस की पीओएस मशीन से भरा जा सकता है। एक महीने के बाद यह चालान कोर्ट में भेज दिया जाता है, जहां 1,000 रुपए का जुर्माना भरना पड़ता है। ITMS के कैमरे शहर के 18 स्थानों पर लगे हैं। ये कैमरे बिना हेलमेट, रेड लाइट तोड़ने, तीन सवारी और रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने वालों की पहचान करते हैं। ट्रैफिक पुलिस यह जानकारी सॉफ्टवेयर के जरिए चेक करती है। वाहन पोर्टल से गाड़ी का नंबर, मालिक का मोबाइल नंबर और बाकी जानकारी मिल जाती है। ट्रैफिक पुलिस हर 15 दिन में लोगों को फोन और मैसेज करके चालान भरने की याद दिलाती है। इस प्रक्रिया से न केवल चालान वसूला जा रहा है, बल्कि लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस की टीम गाड़ी नंबर और नियम तोड़ने की घटना को दोबारा जांचती है। इसके बाद वाहन पोर्टल के जरिए संबंधित व्यक्ति को नोटिस भेजा जाता है। इस नोटिस में बताया जाता है कि उन्होंने ट्रैफिक नियम तोड़ा है और उनका चालान बन चुका है। नोटिस भेजने के साथ ही ट्रैफिक पुलिस की टीम सरकारी नंबर से संबंधित व्यक्ति को फोन भी करती है। कॉल में उन्हें बताया जाता है कि उन्होंने कौन सा नियम तोड़ा है और इसके लिए चालान क्यों बना है। इसके बाद उन्हें 15 दिनों के अंदर ट्रैफिक थाने या चौराहों पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के पास पीओएस मशीन के जरिए चालान भरने के लिए कहा जाता है।

### इन चौराहों पर बन रहे चालान

ITMS द्वारा बनाए जा रहे चालान की बात करें तो ये चालान एलआईजी चौराहा, रसोमा चौराहा, स्कीम नंबर 78 चौराहा, इंदिरा प्रतिमा चौराहा, लक्ष्मीबाई प्रतिमा चौराहा, पल्हर नगर चौराहा, टाटा स्टील चौराहा, रामचंद्र नगर चौराहा, होमगार्ड चौराहा, पीपल्याहाना चौराहा, बांबे हॉस्पिटल चौराहा, बंगाली चौराहा, पत्रकार चौराहा, गिटार चौराहा, रोबोट चौराहा पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा भी अन्य चौराहों पर भी कैमरे लगे है, लेकिन उनसे अभी ITMS द्वारा चालान बनना शुरू नहीं हुए है।

# कंप्यूटर के क्षेत्र में भविष्य बनाने वाले छात्रों को सांसद का तोहफा

### सरकारी स्कूलों में 50 लाख के 105 अत्याधुनिक कंप्यूटर लगेंगे

**कम्प्यूटर सिस्टम वितरण की शुरूआत आज से बाणगंगा स्थित अहिल्याश्रम कन्या विद्यालय से**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। विद्यार्थियों के भविष्य को अत्याधुनिक सोच के साथ अपग्रेड करने के उद्देश्य को लेकर सांसद सेवा संकल्प और इंडियन ऑयल के सीएसआर फंड के माध्यम से 50 लाख की लागत से सरकारी स्कूलों में लेटेस्ट मॉडल के 105 कंप्यूटर सिस्टम वितरण की शुरुआत सांसद श्री शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य में बाणगंगा स्थित अहिल्याश्रम कन्या विद्यालय से 30 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे से प्रारंभ होगी। जिससे इंदौर जिले के हजारों विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण के माध्यम से अपना भविष्य आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। बताया गया है कि इसका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों को आईटी के क्षेत्र में बढ़ावा देना है। जिले के प्रत्येक स्कूल में एक अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब की स्थापना की जाएगी। श्री लालवानी ने आगे बताया कि युग शक्ति शैक्षणिक संस्थान इंदौर के माध्यम से कंप्यूटर सिस्टम वितरण किया जाएगा और लेनोवो कंपनी की तरफ से सभी कंप्यूटर पर 3 साल की वारंटी दी गई है जिससे 3 साल तक कंप्यूटर में कोई भी खराबी होने पर कंपनी फ्री में रिपेयर या रिप्लेस करके देगी। इन कंप्यूटरों के माध्यम से जिन विद्यार्थियों को अपना भविष्य कंप्यूटर के क्षेत्र में बनाना है, यह संकल्प उनके लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए कई प्रमुख मांगें रखी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारू को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। पंचायत ने आगामी बजट में उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए कई प्रमुख मांगें रखी हैं।**

ज्ञापन में कहा है कि बढ़ती जागरूकता के कारण उपभोक्ता आयोग में मामलों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन अपर्याप्त स्टाफ और रिक्त पदों के कारण न्याय में देरी हो रही है। इसके साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के लिए पर्याप्त लैब नहीं होने से कार्रवाई प्रभावित हो रही है। पंचायत ने प्रमुख मांगों में स्वतंत्र ग्राहक मंत्रालय की स्थापना, प्रत्येक जिले में खाद्य जांच लैब की स्थापना और तब तक चलित प्रयोगशालाओं की व्यवस्था, उपभोक्ता आयोग में रिक्त पदों पर नियुक्तियां तथा इंदौर की तरह अन्य जिलों में भी उपभोक्ता मार्गदर्शन केंद्र की स्थापना शामिल है। कार्यक्रम में मालवा प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल, ओंकरलाल देवड़ा, पं. डीजी मिश्र सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी मनोज पंवार ने बताया कि ये सभी मांगें उपभोक्ताओं के हित में आवश्यक हैं और इन्हें आगामी बजट में शामिल किया जाना चाहिए।

# भाजपा से निष्कासित पार्षद जीतू यादव ने सोशल मीडिया पर बदली अपनी पहचान, आंबेडकर की फोटो लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। छह साल के लिए भाजपा संगठन से बाहर किए गए पार्षद जीतू यादव की राजनीतिक भविष्य अब अंधेरे है। अब यादव ने बाबा साहेब आंबेडकर का सहारा ले लिया है। अपने फेसबुक अकाउंट से जीतू ने भाजपा का बैकग्राउंड हटाते हुए सॉंची का स्तूप और बाबा साहेब आंबेडकर की फोटो लगाई है। इसके अलावा जीतू अपने सरनेम में यादव के साथ जाटव भी लिखने लगा है।




जीतू ने पुलिस थाने पहुंचकर वाइस सैंपल तो दे दिए, लेकिन उस पर प्रकरण दर्ज होने का खतरा भी बना हुआ है,क्योकि यदि यह साबित हो जाता है कि समर्थकों को यादव ने कालरा के घर हमले के लिए भेजा था तो षड़यंत्र करने के मामले में उसे आरोपी बनाया जा सकता है।

### वाहन सुविधा बंद, फोन और वायरलैस सेट लौटाया

महापौर परिषद सदस्य बनाए जाने पर नगर निगम में वाहन और प्रतिमाह 100 लीटर से ज्यादा डीजल सुविधा दी जाती है। इसके अलावा मोबाइल फोन, वायरलैस सेट और लैपटॉप भी जीतू को दिया गया था। वह भी जीतू ने लौटा दिया है।

### चार दिन से नई गिरफ्तारी नहीं

पार्षद कालरा कांड में पुलिस ने चालीस से ज्यादा आरोपी बनाए है। अब तक 21 आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। 25 जनवरी को घटना के मुख्य आरोपी अवि यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके बाद चार दिन से कोई नई गिरफ्तारी इस मामले में नहीं हो पाई है। इस मामले में अभी एक भी आरोपी की जमानत नहीं हुई है। सभी आरोपी जेल में बंद है। उधर यादव ने आवाज के जो नमूने पुलिस को दिए है। उसकी जांच पुलिस लैब में कराएगी। कालरा के साथ फोन पर हुए विवाद से उसका मिलान किया जाएगा।

# आज से ग्लोबल स्पाइस समिट

## मसालों के अंतरराष्ट्रीय व्यापारी आएंगे

**इंदौर।** अपनी विशिष्ट संस्कृति और व्यंजनों एवं अनूठे स्वाद के लिए मशहूर के इंदौर में 30 और 31 जनवरी को दो दिन मसाले वालों का सम्मेलन होगा। देश भर के कोने कोने से आए मसाला व्यापारी एवं कारोबारी अपने इंदौर के होटल शेरेटन ग्रांड पैलेस में वैश्विक मसाला शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। 'ग्लोबल स्पाइस समिट' के 12वें संस्करण में देश विदेश में विख्यात मसाला उत्पादक कंपनियां भाग लेगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि रहेंगे।

'ग्लोबल स्पाइस समिट' गत वर्ष राजस्थान की राजधानी पिंक सिटी जयपुर में आयोजित किया गया था। मसाला उद्योग की मांग पर इस बार इंदौर में आयोजन किया है। स्पाइस समिट में भारत से 300 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। समिट में उद्योग, थोक व्यापार, संबंधित सरकारी विभागों, प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, व्यापार संघों और प्रौद्योगिकी पर आमंत्रित प्रतिष्ठित वक्ता विभिन्न विषयों पर अपने विचार और सुझाव रखेंगे। 30 एवं 31 जनवरी को शेरटन ग्रैंड पैलेस होटल में शिखर सम्मेलन के साथ-साथ मसालों, मसाला आधारित उत्पादों, सेवा प्रदाताओं और मशीनरी एवं उपकरण निर्माताओं की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है। 'ग्लोबल स्पाइस समिट' का आयोजन मसाला उद्योग और व्यापार से जुड़े निर्माताओं, पैकर्स, प्रोसेसर, व्यापारियों, निर्यातकों, आयातकों, वैज्ञानिकों, सलाहकारों, संबंधित मशीनरी निर्माताओं,सरकारी निकायों एवं अन्य संस्थाओं, शोध संस्थानों,बाजार और गुणवत्ता विशेषज्ञों, उद्यमियों आदि सभी हितधारकों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि मसाला क्षेत्र के सतत विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचारों को साझा करने के साथ ही सुझावों का आदान-प्रदान किया जा सके और व्यापारिक सौदे भी किए जा सकें।



## निगम मुख्यालय में महापौर ने बेवजह चल रहे लाइट-पंखे बंद किए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय के विभिन्न विभागों का दौरा किया। शहर की स्वच्छता में सफलता के बाद अब महापौर ने ऊर्जा साक्षरता की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। ऊर्जा स्वराज मिशन के तहत नगर निगम ने शहर को ऊर्जा साक्षर सिटी बनाने का संकल्प लिया है। महापौर ने इसे सिर्फ भाषणों तक सीमित रखने के बजाय, खुद मैदान में उतरकर इसका उदाहरण पेश किया।

महापौर ने औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों में बिना वजह जल रही लाइटों और पंखों को बंद किया और कर्मचारियों को ऊर्जा बचत के महत्व को समझाया। उनके इस कदम से नगर निगम मुख्यालय में ऊर्जा साक्षरता को लेकर जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कर्मचारियों को समझाया कि बिजली बचाना केवल आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा बदलाव की शुरुआत घर से होती है, और अगर हम खुद बिजली बचाएंगे, तो शहर भी सीखेगा। महापौर भार्गव ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण न केवल बिजली के बिल को कम करता है, बल्कि यह पर्यावरण बचाने का भी एक महत्वपूर्ण तरीका है। इस दौरान उनके साथ एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के प्रमुख डॉ. चेतन सोलंकी भी मौजूद थे।

## हाजिरी सेंटरों पर सफाई मित्रों और कर्मचारियों के लिए बैठने की व्यवस्था होना चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता सर्वेक्षण की गाइड लाइन के अनुसार सभी कामों को समय सीमा में करें। स्वच्छता अभियान में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके लिए सभी वार्डों में बेहतर हाजिरी सेंटर बनाए जाए। यह बात बुधवार को नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सिटी बस ऑफिस में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को देखते हुए ली एक बैठक में कही।**



उन्होंने निगम स्तर पर किए जा रहे कामों की जोनवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाजिरी सेंटरों पर सफाई मित्रों और कर्मचारियों के लिए बैठने की व्यवस्था होना चाहिए ताकि वे वहां आराम से बैठ सकें और खाना खा सके। इसके साथ ही इंडोर गेम्स जैसे टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड और अन्य मनोरंजक गतिविधियों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे सफाई मित्रों को आराम एवं मनोरंजन की सुविधा मिल सके। स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें और इंदौर को एक बार फिर स्वच्छता में शीर्ष स्थान दिलाने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। सभी अपनी फील्ड में रहे स्वच्छता सर्वेक्षण की टूलकिट का अच्छे से अध्ययन कर ले उसका पालन करें। बैठक में समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, उपयंत्री एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### भूमि अधिग्रहण नोटिफिकेशन जारी

## 59 गांवों से ली जाएगी जमीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन प्रोजेक्ट की निगरानी अब प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) से सीधे की जा रही है। इस परियोजना के तहत इंदौर जिले में भूमि अधिग्रहण के आदेश जारी हो चुके हैं। इससे परियोजना के कार्य में तेजी आएगी, क्योंकि अब इसकी निगरानी पीएमओ द्वारा की जाएगी।**

सांसद शंकर लालवानी ने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत 13 जिलों की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। महू के गांवों के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के लिए अधिकारी की नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी किया गया है, जिससे यह प्रक्रिया जल्दी पूरी हो सकेगी। यह परियोजना 309 किमी लंबी होगी, जो इंदौर से मुंबई को जोड़ने के लिए बनाई जा रही है। इसे लेकर 18036 करोड़ रुपए की मंजूरी सितंबर में मिल चुकी थी। इस नई रेल लाइन से न केवल यात्री सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि औद्योगिक कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। इस परियोजना का 170.56 किमी हिस्सा मध्य प्रदेश में आएगा। इसमें 905 हेक्टेयर भूमि निजी है। मध्य प्रदेश में इस रेल लाइन के तहत बनने वाले 18 स्टेशन में महू, केलोद, कमदपुर, झाड़ी बरोदा, और अन्य स्टेशन शामिल हैं। इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन प्रोजेक्ट के लिए इंदौर और धुलिया जिले के कुल 59 गांवों का भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत इंदौर जिले के 22 गांव और धुलिया जिले के 37 गांव शामिल हैं। इंदौर-मनमाड़ रेल्वे संघर्ष समिति के मनोज मराठे ने बताया कि रेल मंत्रालय मध्य रेलवे द्वारा इंदौर जिले के लगभग 22 गांवों की भूमि अधिग्रहण का आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा, धुलिया तहसील के 10 गांवों और शिरपुर तहसील के 18 गांवों की जमीन का अधिग्रहण करने के आदेश भी जारी हुए हैं। मराठे ने कहा कि इस विशेष परियोजना के तहत काम तेजी से चल रहा है, जिससे इसका कार्य शीघ्रता से पूरा हो सके।

### महू तहसील के इन गांवों की जमीन अधिग्रहण होना है

खेड़ी (इस्तमुरार), चेनपुरा, कामदपुर, खुदालपुरा, कुराड़ाखेड़ी, अहिल्यापुर, नांदेड़, जामली, केलोद, बेरछा, खेड़ी, गवली पलास्या, आशापुर, मलेंडी, कोदरिया, बोरखेड़ी, चोरड़िया, न्यू गुराड़िया और महू कैंट (डॉ. आंबेडकर नगर)।

## मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ाया

**इंदौर, नप्र।** चंदन नगर इलाके में बुधवार सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धार रोड पर एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें ठूंसकर मवेशी भरे हुए थे। कार्यकर्ताओं को देखते ही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद बजरंग दल के सदस्य ट्रक को थाने ले गए और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल के पदाधिकारी तन्नु शर्मा ने बताया कि उनके कार्यकर्ताओं को राजस्थान की ओर से आ रहे ट्रक (RJ96E494) में अवैध रूप से मवेशी ले जाए जाने की सूचना मिली थी। जब उन्होंने ट्रक रोकने की कोशिश की, तो चालक ने तेज गति से वाहन भगाने का प्रयास किया। बाद में ट्रक को रास्ते में छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। जब कार्यकर्ताओं ने ट्रक की त्रिपाल हटाई, तो उसमें बेतरतीब तरीके से मवेशी ठूंसे हुए मिले। इसके बाद वे ट्रक को लेकर चंदन नगर थाने पहुंचे और हंगामा किया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# भारत और जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हुए प्रगाढ़ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश इस साझेदारी को सुदृढ़ करने में निभाएगा अग्रणी भूमिका

◆ मुख्यमंत्री ने सेंसोजी मंदिर में भगवान बुद्ध के किये दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध तेजी से प्रगाढ़ हो रहे हैं। मध्यप्रदेश इस साझेदारी को सुदृढ़ करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। जापान की कंपनियां नई तकनीकों के साथ प्रदेश में निवेश करेंगी, जिससे प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक** विकास को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोक्यो स्थित सेंसोजी मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन किए और जापान यात्रा के अपने अनुभव साझा किए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिये विदेश मंत्री, जापानी निवेशकों, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (JETRO), केडानरेन संस्था के अध्यक्ष तथा कई निजी निवेशकों से सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि जापान की उन्नत तकनीक और औद्योगिक विशेषज्ञता से मध्यप्रदेश के औद्योगिक, आईटी, हेल्थ और एजुकेशन सेक्टर में नई संभावनाएं विकसित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के स्किल डेवलपमेंट से रोजगार के अवसर और औद्योगिक विकास में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बौद्ध धर्म के वैश्विक प्रभाव और जापान की सांस्कृतिक धरोहर का उल्लेख करते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध ने अहिंसा और आध्यात्मिक जीवन से संपूर्ण विश्व को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौतम बुद्ध भगवान विष्णु के अवतार के रूप में पूजनीय हैं और यह भारत के लिए गौरव का विषय है। भगवान बुद्ध के विचार एशियाई देशों के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता के सूत्रधार हैं। उन्होंने कहा कि जापान यात्रा का उद्देश्य केवल निवेश तक सीमित नहीं है बल्कि जापान की समृद्ध संस्कृति और बौद्ध धर्म के प्रति सम्मान प्रकट करना भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि भारत और जापान की यह साझेदारी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध के आशीर्वाद से दोनों देश प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ेंगे।

## हथौड़े से हत्या, फिर पेट्रोल डालकर जलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़ (भोपाल), एजेंसी।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी और शव को पेट्रोल डालकर जला दिया। आरोपी पति को घर से बाहर निकलते ही गश्त कर रहे दोनों पुलिसकर्मी ने पकड़ लिया। जब उससे पूछताछ की तो कहा- मैंने पत्नी की हत्या कर दी और आग लगा दी है। परिजन का कहना है कि दोनों का आठ महीने से लगातार छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद चल रहा था। सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ का कहना है कि आरोपी प्रेम सिंह ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। महिला मनीषा सिंह का शव बुरी तरह से जल जाने के कारण राजगढ़ की जगह भोपाल में पीएम करवाया गया।

## वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी का फिजिकल वेरिफिकेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश सरकार वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी का फिजिकल वेरिफिकेशन कराएगी। इसके लिए सभी जिला कलेक्टरों से पांच दिन में डिटेल मांगी गई है। इसमें वह प्रॉपर्टी भी शामिल है, जिस पर अतिक्रमण है। साथ ही निष्क्रांत संपत्ति (विभाजन के बाद पाकिस्तान चले गए लोगों की संपत्ति) के दायरे में आने वाली प्रॉपर्टी का ब्योरा भी शामिल है। कलेक्टरों को राजस्व विभाग की मदद से जानकारी पोर्टल पर अपडेट कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसकी रिपोर्ट सरकार दिल्ली में संयुक्त संसदीय समिति को भेजेगी। इधर, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने कहा है कि वक्फ बोर्ड से संबंधित जानकारी दिल्ली भेज दी गई है। राज्य शासन से कब्जे और अतिक्रमण संबंधित जानकारी अभी भेजी जाना बाकी है।

# शाहगंज में स्कूल बस ने बाइक सवारों को कुचला, दो लोगों की मौके पर मौत

### दो बच्चे गंभीर रूप से घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में आने वाले शाहगंज के पास स्थित ग्राम हथलेवा में स्कूल बस ने बाइक सवारों को कुचल दिया, जिससे बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। मामले में सूचना मिलने के बाद शाहगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायल बच्चों को उपचार के लिए बुधनी अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार, स्कूल की बस प्रतिदिन शाहगंज के पास हथलेवा गांव में बच्चों को छोड़ने जाती है। बुधवार दोपहर 3:30 बजे जब यह बस शाहगंज जा रही थी तो बाइक पर सवार होकर आ रहे ग्राम हथलेवा निवासी बृजेश पिता हरिचरण (25), रामनाथ पिता तंतीलाल अहिरवार (60), अरविंद (आठ) और राजू (छह) को बस ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि हादसे में बृजेश और रामनाथ की मौके पर मौत हो गई है। जबकि बाइक पर सवार दो बच्चे अरविंद और राजू गंभीर रूप से घायल हो गए।



मृतक रामनाथ दोनों बच्चों के दादा बताए गए हैं। घायल दोनों बच्चों की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए बुधनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में शाहगंज थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। हादसे में मृतकों की पहचान बृजेश अहिरवार और रामनाथ अहिरवार के रूप में हुई है, दोनों ग्राम हथलेवा के निवासी हैं।

# सौरभ शर्मा कांड: तीनों आरोपी एक-दूसरे की बता रहे करोड़ों रुपये की संपत्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** लोकायुक्त छापे में अरबों की संपत्ति का खुलासा होने के बाद देशभर में सुर्खियों में आए भोपाल के पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके राजदार लोकायुक्त पुलिस की रिमांड पर हैं। सौरभ शर्मा और चेतन सिंह गौर को मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस ने अदालत में पेश कर चार फरवरी तक रिमांड पर लिया था। सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल लोकायुक्त पुलिस की पूछताछ में गोलमोल जवाब दे रहे हैं। सौरभ शर्मा ने बताया कि जिसके नाम पर जो संपत्ति है, वो उसकी की है। उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। वहीं, शरद जायसवाल और चेतन गौर ने कहा कि उनके नाम पर सौरभ शर्मा ने संपत्तियां खरीदी हैं। हमारे दस्तावेजों का उपयोग किया है। इसमें ज्यादातर सोना खाड़ी देशों से खरीद कर लाया गया है। इसका कस्टम चुकाया गया है या नहीं इसकी जांच के लिए डीआरआई जांच करेगी। साथ ही यह भी पता चला है कि सौरभ ने दुबई में निवेश किया है, जिसकी जांच के लिए ईडी और आयकर भी पूछताछ करेगी।

बुधवार को सौरभ शर्मा का राजदार और बिजनेस पार्टनर शरद जायसवाल ने भी कोर्ट में सरेंडर कर दिया, लोकायुक्त पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर चार फरवरी तक रिमांड पर लिया है। सौरभ शर्मा इतना शातिर है कि मेंडोरी के जंगल में स्थित एक फार्म हाउस में इनोवा के अंदर मिले 52 किलोग्राम से अधिक सोने और दस करोड़ से अधिक की नगदी को स्वीकारने से इनकार कर कर रहा है, वहीं बाकी जब्त की गई नकदी, जेवर और जमीनों के दस्तावेज की पूरी जानकारी देने के लिए समय मांगा है।

वहीं, चेतन सिंह और और शरद जायसवाल सौरभ शर्मा के बिजनेस पार्टनर हैं और दोनों ने कहा कि सौरभ ने ही उनके दस्तावेजों व नाम का उपयोग कर संपत्तियां खरीदी हैं, वह संपत्तियां मेरी नहीं हैं। 52 किलोग्राम से अधिक सोना और 10 करोड़ से अधिक की नकदी किसकी है, यह पता लगाने के लिए अब केंद्रीय वित्त मंत्रालय के डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) की एंट्री होने जा रही है। आयकर विभाग द्वारा सौरभ शर्मा से जुड़ी इनोवा में 52 किलोग्राम से अधिक सोना और 10 करोड़ से अधिक की नकदी किसकी है, इसका पता नहीं लगा पाई है। अब इस केस में डीआरआई के अधिकारी आएंगे और सौरभ शर्मा व अन्य किरदारों से इस संबंध में पूछताछ करेंगे।

## भक्तों ने लगाई नर्मदा-शिप्रा नदी में डूबकी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भीड़ के चलते मालवा-निमाड़ से कई परिवार वहां जाने की इच्छा पूरी नहीं कर पाए तो उन्होंने मौनी अमावस्या पर नर्मदा- शिप्रा नदी में ही डूबकी लगाई और दान-पुण्य किया। इंदौर के समीप नर्मदा-शिप्रा और नर्मदा-गंभीर संगम पर भी हजारों भक्त पहुंचे थे। यहां दोनो नदियों का जल नदी में प्रवाहित कर छोड़ जाता है। मौनी अमावस्या पर स्नान के कारण ओंकारेश्वर में काफी भीड़ रही है और ट्रैफिक जाम भी होता रहा। मंदिर में भी दर्शन करने के लिए काफी भीड़ रही है और तीन से चार घंटे लगे। भीड़ की जानकारी मिलने के बाद कई लोग महेश्वर और मंडलेश्वर भी चले गए। वहां भीड़ बढ़ने पर प्रशासन ने घाटों पर विशेष इंतजाम किए थे। स्नान के बाद लोगों ने दान दिए। पितरों की आत्म की शांति के लिए पूजा भी की।

## संपादकीय

# मेरिट के आधार पर होनी चाहिए नियुक्ति

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों की ओर से हाई कोर्ट में सरकारी वकीलों और लोक अभियोजकों की राजनीतिक आधार पर नियुक्ति करने की प्रवृत्ति पर बुधवार को गहरी चिंता व्यक्त की। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि भाई-भतीजावाद और फेवरिज्म को ऐसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए। यह फैसला सभी राज्य सरकारों के लिए एक संदेश है कि हाई कोर्ट में सहायक सरकारी वकील और सहायक लोक अभियोजक की नियुक्ति केवल मेरिट के आधार पर होनी चाहिए। राज्य सरकार का कर्तव्य है कि वह नियुक्त व्यक्ति की योग्यता, उसकी कानूनी दक्षता, उसकी पृष्ठभूमि और उसकी ईमानदारी की जांच करे। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में एक आपराधिक अपील के दौरान लोक अभियोजक की कमजोर पैरवी को देखकर की, जिससे आरोपी को सजा दे दी गई थी। कोर्ट यह देखकर चौंक गया कि हाई कोर्ट ने एक रिविजन याचिका में ट्रायल कोर्ट के बरी के फैसले को पलट दिया, जो कि कानूनी रूप से अवैध है। रिविजन याचिका के माध्यम से बरी किए गए व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट को यह देखकर और भी आश्चर्य हुआ कि हाई कोर्ट में पब्लिक प्रोसिक्युटर ने इस कानूनी त्रुटि को बताने के बजाय आरोपी को मौत की सजा देने की मांग कर दी, जबकि राज्य सरकार ने बरी किए जाने के खिलाफ कोई अपील ही दायर नहीं की थी। बेंच ने अफसोस जताते हुए कहा कि हाई कोर्ट में लोक अभियोजकों के स्तर का ये हाल है। अदालत ने कहा कि लोक अभियोजक एक सार्वजनिक पदाधिकारी होता है। आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत उसे कुछ विशेष अधिकार और कर्तव्य सौंपे गए हैं। लोक अभियोजक किसी जांच एजेंसी का हिस्सा नहीं होता, बल्कि एक स्वतंत्र पदाधिकारी होता है। लोक अभियोजक को न्यायिक प्रणाली में अपराध के अभियोजन की ईमानदारी और निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए।

## धर्म-कर्म

# बसंत पंचमी पर 144 वर्ष बाद बन रहा है विशेष योग

## जानिए सरस्वती पूजा के दिन क्या करें



बसंत पंचमी का दिन विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित होता है. हर वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी मनाई जाती है और विधि-विधान से माता सरस्वती की पूजा की जाती है. माता सरस्वती को विद्या, बुद्धि, ज्ञान और विवेक की देवी माना जाता है. इस वर्ष प्रयागराज में महाकुंभ भी चल रहा है और बसंत पंचमी के दिन अमृत स्नान भी किया जाएगा. ऐसे में बसंत पंचमी का दिन और अधिक फलदायी बन गया है. इस वर्ष अद्भुत योग में महाकुंभ का आयोजन किया गया है और यह योग 144 वर्ष साल में एक बार ही बनते हैं. इसी के साथ बसंत पंचमी पर भी 144 वर्ष बाद विशेष शुभ योग (Shubh Yog) बन रहे हैं. आइए जानते हैं कब है बसंत पंचमी और 144 वर्ष बाद बन रहे विशेष योग में क्या करना चाहिए.

### बसंत पंचमी की तिथि और शुभ मुहूर्त

माघ माह में शुक्ल पंचमी तिथि 2 फरवरी, रविवार को सुबह 9 बजकर 14 मिनट से शुरू होकर 3 फरवरी सोमवार को सुबह 6 बजकर 52 मिनट तक रहेगी. देशभर में बसंत पंचमी का त्योहार 2 फरवरी रविवार को मनाया जाएगा.

### बसंत पंचमी 2025 शुभ योग

पंचांग के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पंचमी तिथि पर शनि देव सुबह 8 बजकर 51 मिनट पर पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में गोचर करेंगे. पंचमी तिथि को शिव योग, सिद्ध साध्य योग और रवि योग भी बन रहे हैं.

### बसंत पंचमी के दिन करें अमृत स्नान

इस वर्ष प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है और महाकुंभ का आयोजन 12 वर्ष के बाद किया जाता है. हालांकि इस बार महाकुंभ के अवसर पर बन रहे योग पूरे 144 वर्ष के बाद बने हैं. महाकुंभ में अमृत स्नान का बहुत महत्व होता है और बसंत पंचमी के दिन भी अमृत स्नान होगा. बसंत पंचमी को संगम नगरी में गंगा यमुना और सरस्वती के संगम पर स्नान करने से अमृत स्नान के लाभ के साथ-साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की कृपा भी प्राप्त होगी और विद्या, बुद्धि और विवेक बढ़ेगा.

### कब करें स्नान

बसंत पंचमी की तिथि 2 फरवरी रविवार को सुबह 9 बजकर 14 मिनट से शुरू होकर 3 फरवरी सोमवार को सुबह 6 बजकर 52 मिनट तक रहेगी. 2 फरवरी को बसंत पंचमी का व्रत रखें और 3 फरवरी को संगम स्नान का लाभ लें. 3 फरवरी को ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 33 मिनट से 6 बजकर 21 मिनट तक स्नान का सबसे अच्छा मुहूर्त है. इस समय बन रहे खास योग कई वर्षों बाद ही बनते हैं. इस शुभ मुहूर्त में स्नान से कई गुणा लाभ प्राप्त होगा.

### बसंत पंचमी की पूजा का समय

बसंत पंचमी के दिन शुभ मुहूर्त में पूजा से माता सरस्वती की कृपा प्राप्त की जा सकती है. 2 फरवरी को सुबह 7 बजकर 9 मिनट से शुरू होकर देर रात तक पूजा के लिए शुभ समय है. इसके साथ ही सुबह 9 बजकर 14 मिनट तक शिव योग रहेगा. इस समय पूजा करने से शिक्षा के क्षेत्र में शुभ परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. इसके बाद सिद्ध योग लग जाएगा. इस दिन सुबह पहले उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र रहेगा और उसके बाद रेवती नक्षत्र लग जाएगा. बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती (Ma Saraswati) की पूजा में बच्चों और पढ़ाई कर रहे लोगों को जरूर शामिल होना चाहिए. इससे माता की कृपा प्राप्त होती है और बुद्धि विवेक बढ़ता है. सरस्वती पूजा के दिन बच्चों से पढ़ाई लिखाई से जुड़ी चीजों का दान करवाना भी उत्तम होता है.

# बसंत पंचमी पर करें इन 5 चीजों का दान धन-धान्य मिलने की है मान्यता

**हिंदू धर्म में बसंत पंचमी के पर्व का विशेष महत्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। इस साल कुछ जगहों पर 2 फरवरी और जगहों पर 3 फरवरी को बसंत पंचमी मनाई जाएगी। इस दिन मां सरस्वती की पूजा का विधान है, इसलिए इसे सरस्वती पूजा भी कहा जाता है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, इस दिन संगीत व विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा करने के साथ ही कुछ चीजों का दान करने से जीवन में सुख-संपदा का आगमन होता है। जानें बसंत पंचमी पर किन चीजों का दान करना चाहिए-**

1. **अन्नः** बसंत पंचमी पर अन्न दान अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन गरीब व जरूरतमंद लोगों को अन्न दान करने से घर का भंडार खाली नहीं होता है। जीवन में धन-धान्य से व्यक्ति परिपूर्ण रहता है।
2. **पीली वस्तुओं का दानः** बसंत पंचमी पर पीली वस्तुओं के दान का विशेष महत्व है। मान्यता ह कि मां सरस्वती को पीला रंग अति प्रिय है। मान्यता है कि बसंत पंचमी पर पीली वस्तुएं जैसे पीले वस्त्र, पीली मिठाई व अन्न आदि का दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।
3. **शिक्षा संबंधी वस्तुएंः**बसंत पंचमी पर पढ़ाई-लिखाई से जुड़ी चीजों का दान करना अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन कॉपी, पेन, किताब व पेंसिल आदि चीजों का दान करने से मां सरस्वती प्रसन्न होती हैं और बुद्धि व विद्या प्रदान करती हैं। इस दिन शिक्षा से जुड़ी वस्तुएं दान करने से नौकरी पेशा में तरक्की मिलती है।
4. **धनः** बसंत पंचमी पर अपनी पुण्य कमाई से कुछ हिस्सा गरीब व जरूरतमंद लोगों का दान करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और जीवन में आर्थिक खुशहाली आती है।
5. **मां सरस्वती का प्रिय भोग क्या हैः**मां सरस्वती को पूजा के समय बेसन के लड्डू, मीठे चावल व बूंदी का भोग लगाना चाहिए। मान्यता है कि मां सरस्वती को इन चीजों का भोग लगाने से करियर में सफलता व भाग्य का साथ मिलता है।

New Delhi

# इंटरपोल के रेड नोटिस से 20 साल बाद पकड़े गए दो भगोड़े, करोड़ों रुपये की हेराफेरी के हैं आरोपी

**नई दिल्ली**। बीते करीब दो दशकों से फरार दो भगोड़ों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को इंटरपोल को रेड नोटिस के बाद थाईलैंड और अमेरिका से निर्वासित किया गया था और एयरपोर्ट पहुंचते ही दोनों को पकड़ लिया गया। दोनों आरोपियों पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार भगोड़ों में जनार्दन सुंदरम और वीरेंद्रभाई मणिभाई पटेल का नाम शामिल हैं। सीबीआई की मांग पर इंटरपोल ने दोनों के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया था।

जनार्दन सुंदरम पर पोंजी स्कीम के जरिए निवेशकों के 87 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप है। जनार्दन




तमिलनाडु में वांछित था और हेराफेरी के बाद वह विदेश भाग गया था। रेड नोटिस जारी होने के बाद बुधवार को जनार्दन को थाईलैंड के बैंकॉक से निर्वासित कर दिया गया और जैसे ही वह भारत में कोलकाता एयरपोर्ट पर पहुंचा तो उसे हिरासत में ले लिया गया। जनार्दन की गिरफ्तारी के लिए तमिलनाडु की पुलिस भी कोलकाता पहुंची थी और जनार्दन को लेकर वह तमिलनाडु के लिए रवाना हो गई। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि 'तमिलनाडु पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने 21 जून, 2023 को इंटरपोल से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया। 28 जनवरी 2025 को बैंकॉक पहुंचे सुंदरम को रेड नोटिस के आधार पर थाईलैंड की सरकार ने प्रवेश देने से मना कर दिया।

P. Bangal

## जोड़ा पहनकर आई टीचर, छात्र से भरवा ली मांग; भरी क्लास में किया ऐसा काम



**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल के एक सरकारी विश्वविद्यालय में कक्षा में एक छात्र से 'शादी' करने का महिला प्रोफेसर का वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है, जिसके बाद बुधवार को जांच के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रोफेसर ने हालांकि दावा किया कि यह एक नाटक था जो उनके विषय की पढ़ाई का हिस्सा था। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला नादिया जिले के हरिंगहाटा में मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (MAKAUT) के मनोविज्ञान विभाग का है। वीडियो में दुल्हन की तरह सजी प्रोफेसर और प्रथम वर्ष के छात्र को कक्षा में 'सिंदूर दान' और 'माला बदल' (जयमाला) समेत हिंदू बंगाली शादी के विभिन्न रीति-रिवाज निभाते देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि वीडियो के वायरल होने पर विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद विश्वविद्यालय ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया और प्रोफेसर से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने बताया कि प्रोफेसर ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों को बताया कि यह एक 'साइको-ड्रामा' था, जो उनके विषय की पढ़ाई का हिस्सा था और इसमें कुछ भी वास्तविक नहीं है। प्रोफेसर ने दावा किया कि वीडियो केवल विभाग के लिए ही रिकॉर्ड किया गया था और मनोविज्ञान विभाग की छवि को खराब करने के इरादे से इसे 'लीक' कर दिया गया।

Bihar

## सरस्वती पूजा विवाद में गोलीबारी, मुजफ्फपुर के बिहार यूनिवर्सिटी में हॉस्टल के बाहर फायरिंग से दहशत

**मुजफ्फरपुर**। बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय में ठक्कर बापा हॉस्टल के बाहर सुबह 6 बजे कुछ अज्ञात लोगों ने आठ राउंड फायरिंग की। फायरिंग के बाद होस्टल में अफरातफरी मच गई। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी की जांच कर रही है। बिहार विश्वविद्यालय प्रॉक्टर का कहना है कि इस मामले में वह जिला प्रशासन से सुरक्षा मंगाएंगे। सरस्वती पूजा को लेकर पिछले दिनों छात्रों के दो गुटों में मारपीट हुई थी। फायरिंग की इस घटना को उससे जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस ने इस पर कुछ नहीं कहा है। नगर डीएसपी सीमा देवी समेत दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक तीन दिन पहले भी सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर यूनिवर्सिटी कैंपस में जमकर मारपीट हुई थी जिसमें कई छात्र जख्मी हो गए थे। पीजी हॉस्टल और ठक्कर बापा छात्रावास के छात्र आपस में उलझ गए थे।

Jharkhand

## 2 नक्सलियों की मौत के बाद पुलिस का बड़ा ऐक्शन, ध्वस्त कर दिया नक्सली कैंप, मिले बड़े-बड़े हथियार

**चाईबासा**। चाईबासा में हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने एक अस्थायी कैंप को भी किया ध्वस्त कर दिया। इसकी जानकारी देते हुए एसपी ने कहा कि नक्सलियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो सागेन अंगरिया समेत कई के जंगली इलाके में सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इसके बाद जिला पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और कोबरा की विभिन्न बटालियनों द्वारा संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सुबह छह बजे बिलायती टोला के पास पहाड़ पर मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने एक अस्थायी कैंप को भी ध्वस्त कर दिया। कैंप से हथियार समेत अन्य सामान बरामद हुए।

चाईबासा में हुई मुठभेड़ और नक्सली कैंप ध्वस्त करने के बाद सर्च ऑपरेशन में दो इंसास राइफल, 5.56 एमएम का जिंदा कारतूस 313, इंसास मैगजीन नौ पीस, मेट्रोला सेट पांच पीस, डेटोनेटर 28 पीस, मैगजीन पाउच दो पीस, काला वर्दी पैंट चार पीस, काली वर्दी शर्ट दो पीस, मोबाइल फोन एक पीस, पेन ड्राइव 15 पीस, काला बेल्ट तीन पीस, काम्बैट टोपी दो पीस, पीट्ठू पांच पीस, मोबाइल चार्जर छह पीस, पावर बैंक एक पीस, रेडियो सेट तीन पीस, सूखी बैट्री सात पीस, नौ वोल्ट बैट्री चार पीस, बैट्री चार पीस, चार्जर एक पीस, सीलिंग पांच पीस, टॉर्च पांच पीस, रस्सी दो पीस, कंबल तीन पीस, काला गमछा दो पीस, स्लीपिंग बैग एक पीस, हाथ घड़ी तीन पीस, स्टेप्लाइजर दो पीस, स्क्रू ड्राइवर तीन पीस, जूती, जंगल शूज, डायरी, लेखन सामग्री, पानी बोतल 12 पीस, सिविल कपड़ा समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं।

खेल

# विराट कोहली के लिए क्रेजी हुए दिल्ली के फैन्स, स्टेडियम में घुसने के लिए मारामारी-तोड़फोड़

कई जख्मी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली 13 साल बाद रणजी मुकाबला खेलने उतरे हैं. कोहली दिल्ली की टीम से खेल रहे हैं. यह मुकाबला रेलवे के खिलाफ गुरुवार (30 जनवरी) से दिल्ली अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू हुआ है. मुकाबले में दिल्ली की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी कर रही है.**





विराट कोहली को देखने के लिए दिल्ली के फैन्स उत्साहित थे और बड़ी संख्या में अरुण जेटली स्टेडियम में उमड़ पड़े. स्टेडियम में घुसने के लिए फैन्स क्रेजी हो गए. ऐसे में स्टेडियम के बाहर अफरा-तफरी मच गई, जिसमें कुछ फैन्स घायल हो गए. गेट 16 के बाहर लोग एक-दूसरे को धक्का देने लगे. इसके चलते कुछ प्रशंसक एंट्री गेट के पास गिर गए और घायल हो गए.

इस घटना में कम से कम तीन प्रशंसक घायल हुए हैं. जबकि पुलिस की एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई और कई लोग अपने जूते-चप्पल वहीं छोड़ गए. घायल फैन्स का दिल्ली डिस्ट्रिक्ट एंड क्रिकेट एसोसिएशन (DDCA) के सुरक्षाकर्मियों और पुलिस ने गेट के पास ही उपचार किया. एक फैन के पैर में पट्टी भी बांधी गई. भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया.

किंग कोहली आखिरी बार 2012 में रणजी मैच खेलने उतरे थे. तब उन्होंने उत्तर प्रदेश के खिलाफ गाजियाबाद में आखिरी बार रणजी मैच खेला था. अब करीब 13 साल बाद वो रणजी मैच खेलने उतरे हैं. इससे पहले ऐसा लग रहा था कि इस मैच का लाइव टेलीकास्ट नहीं होगा. लेकिन आखिरी मिनट में बड़ा बदलाव हुआ. जियो सिनेमा इस मैच का लाइव टेलीकास्ट कर रहा है. DDCA के सचिव अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि पहले दिन कम से कम 10,000 लोगों के आने की उम्मीद है.

सिनेमा

## सलमान की इस हिट फिल्म में काम करना चाहती थीं माधुरी, डायरेक्टर ने क्यों कर दिया था रिजेक्ट?



साल 1999 में सलमान खान की फिल्म हम साथ साथ हैं रिलीज हुई थी। यह फिल्म बहुत बड़ी हिट साबित हुई थी। सलमान खान की इस फिल्म में कई बड़े सितारे नजर आए थे। सलमान खान, मोहनीश बहल, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर, तबु, सोनाली बेंद्रे जैसे कलाकार नजर आए थे। अब इस फिल्म के डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने फिल्म की कास्टिंग से जुड़ा किस्सा सुनाया है। उन्होंने बताया कि माधुरी इस फिल्म में काम करना चाहती थीं, लेकिन वो माधुरी को फिल्म में कास्ट करने के लिए सहज नहीं थे। रेडियो नशा से खास बातचती में सूरज बड़जात्या से पूछा गया कि उन्होंने फिल्म में तबु को कास्ट करने से पहले माधुरी दीक्षित समेत इंडस्ट्री की कई हिरोइनों को अप्रोच किया था। इसपर डायरेक्टर ने बताया कि माधुरी ने खुद उन्हें फोन करके फिल्म में दिलचस्पी दिखाई थी। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन वो माधुरी को कास्ट करने में सहज नहीं थे। सूरज बड़जात्या ने कहा, ' मैंने उन्हें (माधुरी दीक्षित) कहा मैं एक मेल डॉमिनेटेड फिल्म बना रहा हूं और अगर मैं आपको सलमान खान के ऑपोजिट कास्ट करता हूं तो आपका रोल काफी छोटा होगा और अगर मैं आपको मोहनीश बहल के ऑपोजिट कास्ट करता हूं तो आपको सलमान की भाभी का रोल निभाना होगा। वो इतने प्यारी महिला हैं, उन्होंने कहा कि फर्क नहीं पड़ता, बस साथ में काम करने की खुशी होगी। लेकिन तब मैंने कहा मैं सहज नहीं हो पाउंगा।'

## Highlights

1. **Oppn MPs file dissent over Waqf Bill report, say it weakens Muslims' rights**
2. **Karnataka HC hears petition against trial court's ruling**
3. **Belagavi devotees injured in Maha Kumbh stampede, out of danger**
4. **T'gana awaits caste census report to finalize BC reservations**
5. **Haryana plans 10 industrial townships along highways**

# Over 1,250 Google workers demand job security from CEO Sundar Pichai amid layoff concerns

**NEW DEIHI, (Agency).** Amid ongoing layoffs, Google employees in the US and Canada are pushing back, launching a petition addressed to CEO Sundar Pichai, demanding job security. Titled "Job Security," the petition reflects growing concerns about the company's future workforce policies.

According to CNBC, more 1,250 employees have already signed it, urging leadership to provide clarity and stability.

"We, the undersigned Google workers from offices across the US and Canada, are concerned about instability at Google that impacts our ability to do high quality, impactful work," the petition states.

In the petition, the employees have argued that Google is financially




stable, so the layoffs don't make sense. According to them, the layoffs seem unnecessary and unfair.

"Ongoing rounds of layoffs make us feel insecure about our jobs. The company is clearly in a strong financial position, making the loss of so many valuable colleagues without explanation hurt even more," it read.

The petition comes amid Google's cost-cutting stance as the tech giant shifts its focus to the ongoing AI wave. The company's new chief financial officer (CFO), Anat Ashkenazi, has called cost-cutting a major priority, especially as the company invests more in AI infrastructure in 2025. She mentioned that there are still more ways to reduce expenses, which made employees nervous about further layoffs. Google hasn't provided any specific details about the cost-cutting measures it intends to undertake.

# Alibaba enters AI race, claims its new model outperforms DeepSeek, ChatGPT

**NEW DEIHI, (Agency).** DeepSeek news: Chinese tech company Alibaba on Wednesday released a new version of its Qwen 2.5 artificial intelligence model that it claimed surpassed the highly acclaimed DeepSeek-V3, news agency Reuters reported.

The unusual timing of the Qwen 2.5-Max's release, on the first day of the Lunar New Year when most Chinese people are off work and with their families, points to the pressure Chinese AI startup DeepSeek's meteoric rise in the past three weeks has placed on not just overseas



rivals, but also its domestic competition.

"Qwen 2.5-Max outperforms ... almost across the board GPT-4o, DeepSeek-V3 and Llama-3.1-405B," Alibaba's cloud unit said in an announcement posted on its official WeChat account, referring to OpenAI and Meta's most advanced open-source AI models. Alongside Tencent Holdings Ltd. and Baidu Inc., Alibaba has poured significant resources into its cloud services segment and is engaged in a hot contest to recruit China's AI developers to use its tools, Bloomberg reported. DeepSeek, a 20-month-old startup, which was founded in Alibaba's home city, Hangzhou, has sent shockwaves across tech firms in the US this week. Alibaba Cloud also shared scores that suggest its AI beats OpenAI and Anthropic's models in certain benchmarks. Cloud service providers such as Alibaba and Tencent have slashed their pricing in recent months in to win over more users. DeepSeek has already contributed to that price war, alongside a half dozen other promising AI startups in China that have secured funding at unicorn valuations.

# 11 अवैध कॉलोनाइजरों पर एफआईआर के आदेश

◆ कलेक्टर ने कराई थी अवैध कॉलोनियां काटकर प्लाट बेचने वालों की जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने 11 अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ FIR के आदेश जारी कर दिए है।**

बताया जा रहा है कि कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर आईएएस गौरव बैनल ने पूरे जिले में अवैध कॉलोनियां काटकर



जमीन बेचने वालों की जांच कराई थी। इसके बाद सौ से ज्यादा केस अपर कलेक्टर कोर्ट में पंजीबद्ध किए गए। इन केसों की सुनवाई हुई।

जिसमें एक-एक कर आरोपी पाए जाने वालों पर FIR के आदेश दिए गए। अपर कलेक्टर बैनल की कोर्ट ने 11 आरोपियों पर FIR दर्ज करने के आदेश दिए है। बताया जा रहा है कि अवैध कॉलोनी काटने हुए 10 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर 504 प्लाट बेच दिए, जिनकी कीमत 50 करोड़ रुपए से ज्यादा है।

### इन पर हुए आदेश

प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक बिचौली हप्सी के सनावदिया में अतुल अग्रवाल ने 27 प्लाट बेचे, जामन्या खुर्द में अनिल पिता श्याम ने 33 प्लाट बेचे, मोरोद नेहरू में आशीष पिता श्यामलाल वर्मा ने 26 प्लाट बेचे, बिहाड़िया में वासुदेव पिता भागीरथ ने 17 प्लाट बेचे, उमरिया खुर्द में रामनारायण वल्द शिवपाल ने 16 प्लाट बेचे, सनावदिया में शुभम सोनकर ने 35 प्लाट बेचे, देपालपुर के कालीबिल्लौद में सचिन पिता भंवरसिंह ने 11 प्लाट बेचे, कालीबिल्लौद में कप्तान सिंह, यशदीप राजपूत ने 65 प्लाट बेचे, काली बिल्लौद में कैलाश जाट ने 22 प्लाट बेचे, कालीबिल्लौद में अर्जुन बारोड़ ने 214 प्लाट बेचे, सांवेर में फातिमा पति नवाब खां, अमजद खां ने 39 प्लाट बेचे थे।

# शादीशुदा महिला से रेप, पति से तलाक भी करा दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर की आजाद नगर पुलिस ने एक शादीशुदा महिला से रेप करने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी ने पहले महिला से दोस्ती की। फिर उसके साथ रेप किया। आरोपी ने पति से महिला का तलाक भी करा दिया। लेकिन शादी नही की। पुलिस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है।

आजाद नगर पुलिस ने 25 साल की महिला की शिकायत पर अनुराग चौहान पर रेप का केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि वह निजी कंपनी में काम करती है। पहले वह अपने पति ओर बेटी के साथ किराये से इलाके में रहती थी। यहां नजदीक ही अनुराग रहता था। पति आए दिन विवाद कर मारपीट करता। अनुराग को यह बात पता थी। एक दिन उसने कहा कि वह उसके पति के बारे में जानता है। वह अच्छा व्यवहार नहीं करता। इसके बाद उसने दोस्ती की और कहा कि पति से तलाक दिलवाकर खुद शादी कर लेगा। पीड़िता उसकी बातों में आ गई। 6 फरवरी 2022 को जब घर पर कोई नही था। इस दौरान अनुराग आया ओर रेप किया। बाद में आरोपी शादी की बात करते हुए कई होटलों में ले जाकर गलत काम करता रहा। अनुराग के कहने पर पीड़िता ने पति को लेकर कोर्ट में तलाक का आवेदन लगा दिया। जिसमें 21 सितंबर 2024 को तलाक हो गया। इसके बाद अनुराग से शादी करने का कहा तो उसने कुछ दिन बाद शादी की बात कही। बाद में आरोपी अपने वादे से मुकर गया। कुछ दिन पहले अनुराग ने जान से मारने की धमकी दी और मिलना बंद कर दिया। पीड़िता ने मामले में केस दर्ज कराया है।

### छात्रा से रेप


भंवरकुआ पुलिस ने भी एक छात्रा से रेप के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक छात्रा निजी कॉलेज से टेक्नीशियन की पढ़ाई कर रही है। उसकी पहचान मार्च 2023 में इंस्टाग्राम पर अनिल बघेल निवासी अभिनव नगर से हुई। अनिल ने पहचान बढ़ाने के साथ अप्रैल 2023 में रेप किया। इसके बाद अक्टूबर में अनिल से बात बंद कर दी। तीन माह पहले अनिल कॉल करता तो उठाती नही। 25 जनवरी को आरोपी ने कॉल कर हत्या की धमकी दी। तब डर के चलते सहेली के यहां चली गई।

## कार में बैठकर कर रहा था अश्लील हरकतें

**इंदौर।** तिलक नगर में एक कार सवार आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपी ने कार के अंदर निर्वस्त्र होकर हरकतें की। पुलिस अब गाड़ी नंबर और फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। तिलक नगर पुलिस ने रहवासी राजेश परिहार और अन्य रहवासियों की शिकायत पर अज्ञात कार ड्रायवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। राजेश ने पुलिस को बताया कि सभी ग्रेटर बृजेश्वरी के निवासी है। उन्हें रात में करीब 9 बजे घर के बाहर घूमते हुए एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थिती में दिखा। वह चिल्लाने पर कार लेकर वहां से भाग गया। बाद में सीसीटीवी कैमरे चेक किए। आरोपी घर के बाहर कार पार्क कर उसमें अपने कपड़े उतारकर अश्लील हरकतें कर रहा था। पुलिस अब पूरे मामले में जांच कर रही है।

## 14 लाख में खरीदा गाड़ी का खास नंबर

**इंदौर।** इंदौर में वीआईपी नंबर खरीदने का शौक लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों में वीआईपी नंबर की दीवानगी इस तरह है कि 2024 में इंदौर आरटीओ से ही 11 करोड़ रुपए के वीआईपी नंबर नीलाम हुए हैं। इंदौर में सबसे ज्यादा महंगा 0001, 0009, 8888 और 9999 नंबरों की बिक्री हुई है। हांलाकि नए साल की शुरुआत वीआईपी नंबरों के लिए अच्छी नहीं रही। क्योंकि हाल ही में शुरू हुई आरटीओ की नीलामी में 0001 नंबर सिर्फ 20 हजार रुपए में ही बिका। इंदौर में कार प्रेमियों में सबसे ज्यादा खींचतान 0001 नंबर के लिए रहती है। अब तक सबसे महंगा (MP 09 CU 0001) नंबर 2016 में 14.01 लाख रुपए में बिका है।


DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक